80 वर्ष या इससे अधिक उम्र के मतदाताओं को उनके निवास स्थान पर किया जाएगा सम्मानित

चर्चा में क्यों?

- 27 सितंबर, 2023 को मध्य प्रदेश के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने बताया कि आगामी 1 अक्तूबर को अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस के अवसर पर भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार प्रदेश के 80 वर्ष या इससे अधिक उम्र के मतदाताओं को सम्मानित किया जाएगा।

प्रमुख बिंदु

- मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने बताया कि ज़िलों में ज़िला निर्वाचन अधिकारी, निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी और बूथ लेवल ऑफिसर अपने-अपने क्षेत्र के 80 वर्ष से अधिक आयु के मतदाताओं को उनके निवास स्थान पर ही सम्मानित करेंगे।
- उन्होंने बताया कि प्रदेश के सभी 52 ज़िलों में 80 वर्ष से अधिक आयु के 6 लाख 52 हज़ार 746 मतदाता हैं। इसमें 2 लाख 61 हज़ार 58 पुरुष मतदाता एवं 3 लाख 91 हज़ार 680 महिला मतदाता हैं।
- प्रदेश के रीवा ज़िले में 80 वर्ष से अधिक आयु के सर्वाधिक 35 हज़ार 52 मतदाता हैं। इसके बाद इंदौर ज़िले में इस आयु वर्ग के 31 हज़ार 512 मतदाता हैं। प्रदेश के श्योपुर ज़िले में 80 वर्ष से अधिक आयु के सबसे कम 2 हज़ार 504 मतदाता हैं।
- मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी राजन ने बताया कि प्रदेश के 52 ज़िलों में 100 वर्ष या इससे भी अधिक आयु के कुल 5 हज़ार 253 मतदाता हैं। इनमें 1 हज़ार 492 पुरुष मतदाता एवं 3 हज़ार 761 महिला मतदाता हैं।
- प्रदेश के सीहोर ज़िले में 100 वर्ष से अधिक आयु के 318 मतदाता हैं। दूसरे स्थान पर उज्जैन ज़िला है, जिसमें इस आयु वर्ग के 316 मतदाता हैं। इस आयु वर्ग के सबसे कम 13 मतदाता श्योपुर ज़िले में हैं।
- उन्होंने बताया कि अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस के अवसर पर सम्मान समारोह उन गाँवों में आयोजित होगा, जहाँ 80 वर्ष से अधिक आयु के मतदाता निवासरत हैं। कार्यक्रम ग्राम पंचायत भवन अथवा शाला भवन में होगा।
- कार्यक्रम में उन्हीं मतदाताओं को आमंत्रित किया जाएगा, जो स्वस्थ हों और कार्यक्रम स्थल पर उपस्थित होने के लिये शारीरिक रूप से सक्षम हों। जो वरिष्ठ मतदाता कार्यक्रम में उपस्थित होने में असमर्थ होंगे, उन्हें उनके घर पर ही सम्मानित किया जाएगा।
- वरिष्ठ मतदाताओं की सम्मान समिति में बीएलओ, ग्राम पटवारी, स्थानीय शिक्षक, पंचायत सचिव, आंगनबाड़ी कार्यकर्त्ता, स्वास्थ्य कार्यकर्त्ता एवं रोज़गार सचिव शामिल रहेंगे।
- पंचायत मुख्यालय स्तर पर यदि एक-से-अधिक मतदान केंद्र ऐसे हैं, जहाँ 80 वर्ष से अधिक आयु के मतदाता रहते हैं, तो एक ही स्थान पर कार्यक्रम किया जाएगा। गौरतलब है कि विगत वर्ष अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस पर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा प्रदेश में शतायु मतदाताओं को सम्मानित करने का अभिनव नवाचार किया गया था। कार्यक्रम में भारत निर्वाचन आयोग के मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार और निर्वाचन आयुक्त अनूपचंद्र पांडेय ऑनलाइन शामिल हुए थे और प्रदेश में हुए कार्यक्रम की सराहना की थी। कार्यक्रम के दौरान विगत वर्ष 4168 शतायु मतदाताओं को सम्मानित किया गया था।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/voters-aged-80-years-and-above-will-be-honoured-at-their-place-of-residence